N 433

Seat No. | | | | | | | |

2024 VII 27 1100 -N 433- SOCIAL SCIENCES (73) HISTORY & POLITICAL SCIENCE—PAPER I (H)

(REVISED COURSE)

Time : 2 Hours **(Pages 11)** **Max. Marks : 40**

सूचना :— (1) *सभी* कृतियों/प्रश्नों के उत्तर लिखना आवश्यक है।

(2) प्रश्नों के सामने के अंक प्रश्नों के संपूर्ण अंक दर्शाते हैं।

(3) प्रश्न संख्या 1 से 5 तक प्रश्न और कृति इतिहास के हैं तथा प्रश्न संख्या 6 से 9 तक प्रश्न और कृति राजनीति विज्ञान के हैं।

(4) प्रश्न संख्या 1(अ) और प्रश्न संख्या 6 में पूर्ण कथन लिखना अनिवार्य है।

(5) प्रश्न संख्या 2(अ) व 8(ब) में दिया गया संकल्पना-चित्र पेन द्वारा उत्तरपत्रिका में तैयार करना अनिवार्य है।

(6) प्रश्न संख्या 1(अ), (ब) व प्रश्न संख्या 6 में अगर उत्तर की पुनरावृत्ति हो तो उत्तरपत्रिका में प्रथम लिखे गए उत्तर को स्वीकृत किया जायेगा।

P.T.O.

2/N 433

1. (अ) दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर कथन पूर्ण कीजिए : **3**

(1) ..... को आधुनिक इतिहास लेखन का जनक कहा जाता है।

(अ) वोल्टेयर

(ब) रेने देकार्त

(क) लियोपॉल्ड रांके

(ड) कार्ल मार्क्स

(2) मथुरा शिल्पशैली का उदय ..... के शासनकाल में हुआ।

(अ) कुषाण

(ब) गुप्त

(क) राष्ट्रकूट

(ड) मौर्य

(3) कोलकाता का ..... भारत का प्रथम संग्रहालय है।

(अ) गवर्नमेन्ट म्यूजियम

(ब) राष्ट्रीय वस्तु संग्रहालय

(क) छत्रपति शिवाजी महाराज वस्तु संग्रहालय

(ड) भारतीय संग्रहालय

(ब) निम्न में से असत्य जोड़ी पहचानिये और लिखिए : **3**

(1)	(*i*)	रेने देकार्त	–	डिस्कोर्स ऑन द मेथड
	(*ii*)	कार्ल मार्क्स	–	दास कैपिटल
	(*iii*)	जॉर्ज विल्हेम फ्रेडरिक हेगल	–	रीजन इन हिस्ट्री
	(*iv*)	लियोपॉल्ड वॉन रांके	–	द हिस्टरीज
(2)	(*i*)	माथेरान	–	ठंडी हवा का स्थान
	(*ii*)	ताडोबा	–	गुफाएँ
	(*iii*)	कोल्हापुर	–	धार्मिक स्थान
	(*iv*)	अजिंठा (अजंता)	–	विश्व विरासत स्थान
(3)	(*i*)	मलखम	–	शारीरिक व्यायाम का खेल
	(*ii*)	वॉटर पोलो	–	पानी में खेला जाने वाला खेल
	(*iii*)	स्केटिंग	–	साहसिक खेल
	(*iv*)	शतरंज	–	मैदानी खेल

4/N 433

2. **(अ) सूचना के अनुसार निम्न कृतियाँ पूर्ण कीजिए (कोई दो) :** **4**

(1) निम्न संकल्पना चित्र को पूर्ण कीजिए :



(2) निम्न संकल्पना चित्र पूर्ण कीजिए :



(3) निम्न सारणी को पूर्ण कीजिए :

	भजन	**भारुड़**
गुण विशेषताएँ	.....	.....
उदाहरण	.....	.....

(ब) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए (कोई दो) : **4**

(1) कला

(2) स्वतंत्रता संग्राम में समाचार-पत्रों का योगदान

(3) शब्दकोश।

6/N 433

3. निम्नलिखित कथन कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : **4**

(1) ऐतिहासिक साहित्य में 'बखर' महत्वपूर्ण प्रकार है।

(2) तकनीकी विज्ञान के इतिहास का अध्ययन करना आवश्यक है।

(3) समाचार-पत्रों को इतिहास विषय की आवश्यकता अनुभव होती है।

(4) विविध विषयों से संबंधित कार्य करने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।

4. निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

महाराष्ट्र में बारहवीं-तेरहवीं शताब्दी में निर्मित मंदिरों को 'हेमाड़पंती मंदिर' कहते हैं। हेमाड़पंती मंदिर की बाहरी दीवारें प्राय: तारकाकृति होती हैं। तारकाकृति मंदिर की बनावट में मंदिर की बाह्य दीवार अनेक कोणों में विभाजित हो जाती है। अत: उन दीवारों और उन पर बने शिल्पों पर छायाप्रकाश का सुंदर प्रभाव देखने को मिलता है। हेमाड़पंती मंदिरों की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि दीवारों के पत्थर जोड़ने के लिए चूने का उपयोग नहीं किया जाता। पत्थरों में ही एक-दूसरे में कसकर फँसेंगे ऐसे खरादे हुए छेद में चूल बिठाकर उसके सहारे दीवार खड़ी

की जाती है। मुंबई के समीपस्थ अंबरनाथ का अंब्रेश्वर, नाशिक के समीप सिन्नर का गोंदेश्वर, हिंगोली जिले में औंढा नागनाथ हेमाड़पंती मंदिर के उत्तम उदाहरण हैं। इन मंदिरों की बनावट तारकाकृति प्रकार की है। इनके अतिरिक्त महाराष्ट्र में अनेक स्थानों पर हेमाड़पंती मंदिर देखने को मिलते हैं।

प्रश्न :

(1) हेमाड़पंती मंदिरों की बाहरी दीवारें कैसी होती हैं ? 1

(2) हेमाड़पंती मंदिरों के कुछ उदाहरण लिखिए। 1

(3) हेमाड़पंती मंदिरों की महत्वपूर्ण विशेषताएँ बताइए। 2

5. निम्न प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए (कोई *दो*) : 6

(1) कार्ल मार्क्स का द्वंद्व सिद्धांत अथवा वर्गवाद स्पष्ट कीजिए।

(2) उपयोजित इतिहास का वर्तमानकाल के साथ किस प्रकार सहसंबंध होता है ?

(3) खेल और इतिहास के बीच के पारस्परिक संबंध को स्पष्ट कीजिए।

(4) भारतीय फिल्म जगत की जननी के रूप में महाराष्ट्र को ख्याति क्यों प्राप्त है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये।

6. निम्न विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर कथन पूर्ण कीजिए : **2**

(1) निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति ..... द्वारा की जाती है।

(अ) राष्ट्रपति

(ब) प्रधान मंत्री

(क) लोक सभा अध्यक्ष

(ड) उपराष्ट्रपति

(2) खेती का उत्पादन बढ़ाने और खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर होने के लिए ..... की गई।

(अ) जल क्रांति

(ब) हरित क्रांति

(क) औद्योगिक क्रांति

(ड) धवल क्रांति

7. निम्न कथन सत्य हैं या असत्य, सकारण स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : **4**

(1) संविधान का स्वरूप किसी जीवित दस्तावेज की तरह होता है।

(2) निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के समय आचारसंहिता लागू की जाती है।

(3) आंदोलन को दृढ़ नेतृत्व की आवश्यकता नहीं होती।

8. (अ) निम्न संकल्पना स्पष्ट कीजिए (कोई एक) : **2**

(1) आरक्षित स्थान संबंधी नीति

(2) प्रांतीय दल।

10/N 433

(ब) सूचना के अनुसार निम्न कृतियाँ पूर्ण कीजिये (कोई एक) : **2**

(1) संकल्पना चित्र पूर्ण कीजिए :



(2) निम्न संकल्पना चित्र पूर्ण कीजिए :



9. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई एक) : **2**

(1) मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने के क्या परिणाम हुए ?

(2) राजनीति का अपराधीकरण होने का क्या परिणाम होता है ?